प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 24.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के छठे चरण के मतदान के लिये प्रदेश में सभी तैयारियां पूरी : गैसड़ो विधानसभा सीट क उपचुनाव सहित 14 संसदीय सीटों पर कल होगा मतदान।
2. निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के लिये पोलिंग पार्टियां रवाना : स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिये सुरक्षा के किये गये कड़े इंतजाम।
3. आजम खान को बेटे के फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट केस में हाई कोर्ट से मिली राहत : सात साल की सजा पर लगी रोक, जमानत हुई मंजूर।

और

4. बुलंदशहर से वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस अंबाला में टैंकर से टकराई : हादसे में सात लोगों की मौत, बीस से अधिक घायल।

———————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में प्रदेश की 14 सीटों के लिये कल मतदान होगा। इसके साथ ही बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट क उपचुनाव के लिये भी कल वोट डाले जायेंगे। इसके अलावा फर्रूखाबाद लोकसभा सोट के अलीगंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान मतदेय स्थल पर कल पुर्नमतदान भी होगा। मतदान

को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई ह। इन सभी सीटों पर मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा।

प्रदेश के मुख्य चुनाव आयुक्त नवदीप रिणवा ने बताया कि कल जिन 14 संसदीय सीटा पर मतदान होना है, उनमे सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही सीट शामिल है। इनमें 12 सीट सामान्य श्रेणी और दो सुरक्षित सीटे हैं। इन सीटो पर कुल एक सौ बासठ उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमे 146 पुरुष प्रत्याशी और 16 महिला प्रत्याशी ह। श्री रिणवा ने बताया कि सबसे अधिक 26 उम्मीदवार प्रतापगढ़ सीट और सबसे कम छह प्रत्याशी डुमरियागंज सीट पर ह। इस चरण में प्रदेश के दो करोड़ 70 लाख उन्हत्तर हजार 874 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बाइट........

*जो चौदह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है ये पंद्रह जनपदों में फैले हुए हैं। इस चरण में कुल मतदाता है 2 करोड़ 70 लाख 69 हजार 874 जिनमें से पुरुष मतदाता है एक करोड़ तैंतालीस लाख तीस हजार तीन सौ इकसठ और महिला मतदाता है एक करोड़ सत्ताईस लाख दो सौ सत्तावन और एक दो सौ छप्पन थर्ड जेंडर के मतदाता है। मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता 62 संतकबीर नगर में है और सबसे कम मतदाता 52 इलाहाबाद।*

श्री रिणवा ने बताया कि मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 अन्य फोटो पहचान पत्र मतदेय स्थल पर

मतदाताओं की पहचान किये जाने के लिये मान्य होंगे। मतदान केन्द्रों पर मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि 28 हजार 171 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। इनमें से 3 हजार 978 मतदेय स्थल संवेदनशील हैं। मतदान केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम रहेंगे। बाइट...........

*छठे चरण के मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने क लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 3 विशेष प्रेक्षक, 14 सामान्य प्रेक्षक, 8 पुलिस प्रेक्षक और 18 गृह प्रेक्षक तैनात किये गये है। कानून व्यवस्था के लिये 2192 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 282 जोनल मजिस्ट्रेट 24 स्ट्रैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं।*

———————————

छठे चरण में प्रदेश की 14 संसदीय सीटों पर मतदान के लिये आज पोलिंग पार्टियों को ईवीएम मशीनों और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री के साथ कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.........

*अंतरराज्यीय और अंतरजिला सीमाएं सील कर दी गई हैं और सुरक्षाकर्मी हर बैरियर पर जांच कर रहे हैं। नेपाल के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करने वाले तराई बेल्ट के जिलों में विशेष निगरानी रखी गई है। सशस्त्र सीमा बल एसएसबी सीमावर्ती जिलों में चेकिंग कर रही है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें तुरंत क्षेत्र छोड़ने का निर्देश दिया जा चुका है। छठे चरण की 14 सीटें पूर्वांचल और तराई क्षेत्र में फैली हुई हैं जिनमें सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज, आज़मगढ़, जौनपुर, मछली शहर और भदोही शामिल हैं। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

इस चरण मे जिन प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भविष्य का फैसला होगा, उनमें सुल्तानपुर संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी, प्रयागराज निर्वाचन क्षेत्र से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और प्रदेश के पूर्व मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह आजमगढ़ से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव और मौजूदा भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ शामिल हैं। पिछले चुनाव में इन 14 सीटों में से दस सीटें भाजपा और चार सीटें सपा–बसपा गठबंधन ने जीती थीं।

——————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज कुशीनगर, बलिया और राबर्ट्सगंज में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में सभी वर्गों के लोगों को बिना भेदभाव के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया गया है। उन्होंने दावा किया कि पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो आवास मिलते थे, जबकि आज पीएम आवास योजना के तहत चार करोड़ आवास बनाये गये हैं। उन्होंने वादा किया कि अगले पांच साल में तीन करोड़ नए आवास बनाये जायेंगे।

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज महराजगंज, देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने दावा किया कि पांच चरणों के चुनाव के बाद यह साफ़ हो चुका है कि देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनने जा रही है। उन्हाने कहा कि चार सौ पार के नारे से इंडिया गठबंधन हताशा में है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बयान जारी करते हुए दावा किया कि पांच चरणों के मतदान में भाजपा का ग्राफ लगातार नीचे गिरता जा रहा है। भाजपा के झूठे वादों से जनता परेशान है। इस चुनाव में पूर्वांचल से भाजपा का पूरी तरह सफाया होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

—————————

**लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में उत्तर प्रदेश की 13 सीटों पर एक जून को मतदान होगा। इसमें पूर्वांचल की अहम सीटों में से एक गोरखपुर लोकसभा सीट भी शामिल है। इस संसदीय सीट से 1998 से लेकर 2017 तक योगी आदित्यनाथ ने लगातार जीत कर संसद में गोरखपुर का प्रतिनिधित्व किया है। इस सीट पर इस बार भाजपा ने एक बार फिर वर्तमान सांसद और भोजपुरी अभिनेता रवि किशन को प्रत्याशी बनाया है। उनके अलावा 12 अन्य प्रत्याशी यहां चुनावी मैदान में हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट......**

*गोरखपुर लोकसभा सीट को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गढ़ माना जाता है। इस सीट पर गोरखनाथ मंदिर से जुड़े तीन लोगों ने 32 वर्षों तक लोकसभा में गोरखपुर का प्रतिनिधित्व किया है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर अब तक सबसे अधिक आठ बार भाजपा ने जीत हासिल करने में सफलता पाई है। इसके अलावा कांग्रेस इस सीट पर छह बार, एक बार जनता पार्टी, एक बार सपा, एक बार हिंदू महासभा और दो बार निर्दलीय प्रत्याशी जीतने में कामयाब हुए हैं। 2019 के चुनाव में इस सीट पर बतौर भाजपा प्रत्याशी भोजपुरी फिल्म स्टार रवि किशन ने तीन लाख से अधिक वोटों से जीत दर्ज की थी। इस बार भाजपा ने एक बार फिर रवि किशन को अपना प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन से सपा ने ने भोजपुरी एक्ट्रेस काजल निषाद को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं बसपा ने जावेद सिमनानी को प्रत्याशी बनाया है। सभी दलों ने अपने प्रत्याशियों को जिताने के लिए*

*प्रचार तेज कर दिया है। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

——————————

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट केस में राहत दे दी है। हाईकोर्ट ने सात साल की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है। आजम के साथ पत्नी और बेटे को भी हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है लेकिन उनकी सजा पर रोक नहीं लगाई गई है।

——————————

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जनपद के थाना ककोड़ क्षेत्र के गांव भोपतपुर से वैष्णो देवी जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पंजाब के अंबाला में एक टैंकर से टकरा गयी। इस हादसे में सात लोगो की मौत हो गयी और बीस से अधिक लोग घायल हो गये। सभी मृतक एक ही परिवार के है। बस में तीस लोग सवार थे।

(समाप्त)